Name of the capability enhancement program	Date of implementation (DD-MM-YYYY)	Number of students enrolled	Name of the agencies/consultants involved with contact details (if any)
Job prospects in Geology	7.09.2018	41	Prof. A. K. Shandilya, Retd. Professor, Dr. H.S. Gour University, Sagar mob. no 9977576665

भू-गर्भशास्त्र में रोजगार की अपार संभावनाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

भूगर्भशास्त्र के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं है। विद्यार्थियों को ईमानदारी से अध्ययन कर भूगर्भशास्त्र से संबंधित विभिन्न संस्थानों में रोजगार के लिए प्रयत्न करना चाहिए। ये उद्गार डॉ हरि सिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय सागर के भूगर्भशास्त्र विषय के प्रोफेसर अरूण कुमार शांडिल्य ने शासकीय वीवायटी महाविद्यालय दुर्ग में भूगर्भशास्त्र विभाग द्वारा "भूगर्भशास्त्र और रोजगार की संभावनायें" विषय पर आधारित आमंत्रित व्याख्यान में कही। डॉ शांडिल्य ने कहा कि भूगर्भशास्त्र के अध्ययन के दौरान विद्यार्थी पृथ्वी का आंतरिक एवं बाह्य संरचनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त करता है। साथ ही साथ पृथ्वी में पाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के खनिज, चट्टानें, जीवाष्म आदि की जानकारी भी भूविज्ञान में समाहित होती है। श्री शांडिल्य ने आगे भूगर्भशास्त्र के विद्यार्थियों को रोजगार से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसके राजपूत ने भूविज्ञान विभाग के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि वरिष्ठ एवं अनुभवी प्राध्यापकों के आमंत्रित व्याख्यान से विद्यार्थियों को नवीनतम ज्ञान के साथ–साथ विषय संबंधी विभिन्न पहलुओं की सकारात्मक जानकारी मिलती है।

■ भूगर्भशास्त्र डॉ. शाडिल्य ने दिया साइंस कॉलेज दुर्ग में व्याख्यान

पेट्रोलियम गैस की उपस्थिति का पहला अध्ययन प्रो. शॉडिल्य ने किया

कार्यक्रम का आरंभ करते हुए भूगर्भशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ प्रशांत श्रीवास्तव ने प्रोफेसर शांडिल्य का परिचय देते हुए भूविज्ञान विषय में रोजगार की संभावनाओं विषय की पृष्ठ भूमि पर प्रकाश डाला। भूगर्भशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एसडी देशमुख ने उपस्थित छात्र–छात्रओं को जानकारी दी कि मध्य प्रदेश के सागर जिले के समीप विंध्यन समूह की चट्टानों में पेट्रोलियम गैस की उपस्थिति संबंधी सबसे पहली जानकारी युक्त अध्ययन का श्रेय प्रोफेसर शांडिल्य को जाता है।

Outcome of this activity	The students learnt about job prospects in Geology